are second to none so far as patriotism is concerned.

So far as diversification is concerned, not only on this occasion, even when I was incharge of this Ministry on the previous occasion, it has been the endeavour of the Defence Ministry to diversify its requirements and to obtain them from various countries. The performance of MIG has been quite effective. It was demonstrated during the last war with Pakistan. But the special references that have been made to particular officers, I shall go through that and if I feel it necessary, I will make a comprehensive statement in the House. I would like to assure the House once again that nobody in the Defence Ministry will take the risk knowingly of using any defective parts in engine...

(ii) PROHIBITION IN THE COUNTRY

श्री मनी राम बागड़ी (मथुरा) : मैं इस सदन के माध्यम से समस्त देश के सामने यह बात कहना चाहता हूं कि भारत में इस वक्त सब से ज्यादा जो खतरा है वह शराब का है। शराब इस देश को जहर बन कर खत्म कर रही है और घुन लगकर इस देश को खा रही है । डा० लोहिया के शब्दों में 20 करोड़ आदमियों की आमदनी सिर्फ साढ़े तीन आना रोज है और यहां शराब के दिन प्रतिदिन ठेके बढ़ रहे हैं। 1968 से ले कर अब तक 20 गुने बढ़ चुके हैं। मैं बधाई देता हूं, प्रधान मंत्री जी को और गृह मंत्री जी को कि वह शराब बन्दी के हक में हैं, और मैं उम्मीद रखता हूं कि समस्त देश में जो यह जहर सारे देश को खा रहा है इसको खत्म करेंगे। आज शराब की यह हालत है कि विधायक पीते हैं, कहीं अखबारों में छपता है कि मंत्री पीते हैं, सरकारी अफसर, स्कूलों में मास्टर और विद्यार्थी सब शराब पीते हैं। ऐसा लगता है कि शराब कण कण के अन्दर घर कर गई है । कुछ साथी सवाल करेंगे कि कानून से जुर्म नहीं मिटता, चोरी नहीं मिट गई चोरों के खिलाफ कानून है । तो क्या हमने यह कानून बना दिया है कि चोरी करना जुर्म नहीं है । कानून भी जरूरी है इस काम के लिये। यह ठीक है कि समाज में इस के खिलाफ जागृति बहुत जरूरी है । लेकिन बगैर कानून के इसको आप नहीं मिटा सकते हैं।

मैं सदन के जरिये फिर कहूंगा प्रधान मंत्री जी से कि जैसे उन्होंने कांग्रेस के वित्त मंत्री हो कर सोने के नियंत्रण पर दृढ़ता दिखाई थी, ठीक उसी तरह से शराब बन्दी के सवाल को ले कर के, चाहे जितने ही सवाल उठें, मुकम्मल शराब बन्दी कर के वह इस देश को शराब से निजात दिलायें। गांधी जी और डा० लोहिया के स्वप्नों को साकार करें। मैं समझता हूं सदन इस बात से सहमत है, पहले भी इस बात के लिये प्रस्ताव पास हो चुका है ।

(iii) SPREADING OF KALAAZAR IN VAISHALI DISTRICT OF BIHAR

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का और सरकार का ध्यान पूरे देश में और खासकर बिहार में फैल रहे काला ज्वर और मलेरिया के सम्बन्ध में खींचना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, कई बार यहां चर्चा हो चुकी है। काला ज्वर इस प्रकार की बीमारी है बिहार में जिसका कि इलाज हो ही नहीं रहा है । जैसे कुछ समय के लिये कैंसर का इलाज नहीं था उसी तरह से काला ज्वर का इलाज नहीं हो रहा है और मैंने मंत्री महोदय को लिख कर दिया था कि अकेले वैशाली जिले में करीब 2000 लोग मरे हैं। अगर कोई पार्लियामेंटरी टीम या केन्द्रीय सरकार की टीम वहां जाय तो ऐसा कोई भी गांव नहीं है जिसमें 10, 20 लोग न मरे हों और प्रखंड में 100 से कम आदमी न मरे हों। हमें आश्चर्य होता है जब हम